**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–**22 अप्रैल** 2026 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अट्ठाइस अप्रैल के प्रस्तावित वाराणसी दौरे की तैयारियों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश।
- लोकसभा में नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक विपक्ष द्वारा पारित नहीं होने देने पर लखनऊ में निकली जनाक्रोश पदयात्रा। मुख्यमंत्री ने अपने मंत्रिमंडल के साथ पदयात्रा में लिया हिस्सा।
- मेरठ के निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन। कहा– सामाजिक समरसता के साथ देश को समावेशी विकास के रास्ते पर ले जाएं युवा।
- सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर आज और कल युद्धाभ्यास का हिस्सा बन रहे हैं वायुसेना के लड़ाकू विमान। लखनऊ से गाजीपुर जाने वाले वाहनों के लिए बदला रहेगा यातायात।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अट्ठाइस अप्रैल के प्रस्तावित वाराणसी दौरे को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल वाराणसी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, सुव्यवस्थित और उच्च गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर वाराणसी के सर्किट हाउस में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। प्रधानमंत्री अपने एक दिवसीय वाराणसी दौरे पर बरेका परिसर में नारी शक्ति महोत्सव आयोजन में शामिल होंगे। साथ ही वह कई अन्य विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी करेंगे। आयोजन की तैयारियों को देखने वाराणसी पहुंचे मुख्यमंत्री ने कल श्री काल भैरव मंदिर एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन–पूजन कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए मंगलकामना भी की।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से आयोजित साधना सप्ताह में आई–गॉट कर्मयोगी प्लेटफॉर्म पर उत्तर प्रदेश को ओवरआल बेस्ट परफॉर्मेंस श्रेणी में पूरे देश में दूसरा स्थान मिला है। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यह जानकारी साझा करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 'साधना सप्ताह' ने उत्तर प्रदेश की कर्मयोगी चेतना को नई ऊर्जा और नई दिशा प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में दूसरा स्थान प्राप्त करना सभी के लिए गर्व का विषय है। यह उपलब्धि हमारी टीम भावना, समन्वित प्रयासों और सुशासन के प्रति अटूट निष्ठा का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जतायी कि राज्य कार्मिकों का यही समर्पण 'कर्मयोगी भारत' के निर्माण को गति देगा, 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' के मंत्र को सशक्त करेगा और 'विकसित भारत 2047' के लक्ष्य की प्राप्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अपने मंत्रिमंडल के साथ लखनऊ में जनाक्रोश पदयात्रा में हिस्सा लिया। नारी शक्ति वंदन संशोधन विधेयक को लोकसभा में विपक्ष द्वारा पारित नहीं होने देने के विरोध में निकाली गई इस जनाक्रोश पदयात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। विधान भवन के सामने पदयात्रा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बिल का समर्थन ना करना विपक्षी दलों के अलोकतांत्रिक चेहरे को उजागर करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन आया है।

**पिछले ग्यारह बारह वर्ष में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में देश के अंदर जो परिवर्तन देखने को मिला है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम हो, चाहे वह मातृ वंदना योजना हो। देश के अंदर चलने वाली तमाम योजनाएं जो किसी परिवार को केंद्रित करते हुए उनके स्वावलंबन का आधार बन रही हैं। ये सभी योजनाएं प्रधानमंत्री मोदी जी ने आधी आबादी को, गरीब को, नौजवान को और अन्नदाता किसानों को केंद्र में रख कर के बनाई है।**

इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य देश की माताओं–बहनों को नेतृत्व का अधिकार देना है।

**नारी शक्ति वंदन अधिनियम का उद्देश्य देश की माताओं बहनों को नेतृत्व का अधिकार देना था ताकि संसद और विधानसभाओं में तैंतीस परसेंट सीटों पर महिलाएं चुनाव लड़ सकें और नीति निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके।**

**********

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल लखनऊ में एक प्रेस वार्ता कर महिला आरक्षण के मुद्दे पर अपनी पार्टी का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी महिलाओं के आरक्षण के पक्ष में है, लेकिन आरक्षण से पहले महिलाओं को संरक्षण की जरूरत है, ताकि वे समाज में सुरक्षित रह सकें।

**********

उप राष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन कल मेरठ के एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम में लगभग तीन हजार सात सौ विद्यार्थियों को स्नातक और स्नातकोत्तर की उपाधियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे व्यक्तिगत सफलता को देश के उत्थान से जोड़कर आगे बढ़ें ताकि भारत आने वाले समय में वैश्विक मंच पर और मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज करा सके। उन्होंने कहा कि देश के युवा सामाजिक समरसता और आर्थिक विकास की मदद से देश को समावेशी विकास के रास्ते पर आगे ले जाने में योगदान दें।

**********

सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर निर्मित हवाई पट्टी पर आज सुबह से लेकर कल तक वायुसेना के लड़ाकू विमान युद्धाभ्यास का हिस्सा बन रहे हैं। वायुसेना के इस प्रदर्शन को देखते हुए लगभग चार किलोमीटर लंबी हवाई पट्टी वायु सेना की निगरानी में है। इस दौरान लखनऊ से गाजीपुर जाने वाले वाहनों के लिए मार्ग में परिवर्तन किया गया है। इससे पहले वर्ष दो हजार उन्नीस और दो हजार तेइस में वायुसेना के लड़ाकू विमानों सुखोई, मिराज, जगुआर, इस्कुलिस, राफेल जैसे विमानों का युद्धाभ्यास यहां पर हो चुका है। यूपीडा के कार्यकारी अधिकारी विनीत पांडेय ने कल युद्धाभ्यास की तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

**जीरो ग्राउंड से लेकर के हम लोग तैयारी जो है दो तीन दिन पहले से पूरे डेढ़ सौ इम्प्लाइज के साथ लगे हुए हैं। छोटी छोटी चीजों को हम ध्यान दे रहे हैं जो हमारे लैंडिंग करते वक्त नुकसान ना हो इस तरफ हम ध्यान दे रहे हैं और हमारे जितने भी इम्प्लाइज हैं पूरे ईमानदारी के साथ काम कर रहे हैं।**

**********

केन्द्र सरकार ने कहा कि देश भर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति सामान्य है और किसी भी एलपीजी वितरक के यहां आपूर्ति में कमी की कोई रिपोर्ट नहीं मिली है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर कल नई दिल्ली में अंतरमंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल और एलपीजी की बढ़ती कीमतों के बावजूद, सरकार ने घरेलू एलपीजी आपूर्ति को निर्बाध रूप से सुनिश्चित करने का प्रयास किया है।

**वेस्ट एशिया क्राइसिस के चलते हमारा एलपीजी सप्लाई इफेक्ट हुए हैं। इंटरनेशनल मार्केट में भी चाहे क्रूड हो, चाहे एलपीजी हो उसके प्राइजेज में बहुत इंक्रीज देखा गया है। वोलैटिलिटी देखी गई है। इन सभी के बावजूद भी भारत सरकार की ये कोशिश रही है कि डोमेस्टिक सप्लाई को सस्टेन कंटीन्यू रखा जाए और उसमें किसी प्रकार को कोई डिसरप्शन न आए।**

पशुपालन और डेयरी विभाग की निदेशक पूजा रस्तोगी ने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद देश भर में दूध की खरीद, प्रसंस्करण और आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है।

**देश भर में दूध की आपूर्ति बगैर किसी रुकावट के जारी है। दूध और दूध से बने उत्पादों की कीमतें स्थिर हैं। हमारा विभाग स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहा है। इस क्षेत्र को अभी तक ईंधन, गैस और पैकेजिंग सामग्री की आपूर्ति से जुड़ी कोई समस्या नहीं है।**

**********

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी है। मौसम विभाग ने पूरे सप्ताह के दौरान मौसम शुष्क रहने और तापमान में बढ़ोत्तरी के साथ कहीं–कहीं लू चलने की आशंका जताई है। भीषण गर्मी को देखते हुए इटावा सफारी पार्क का समय भी बदला गया है। पार्क के उप निदेशक विनय सिंह ने यह जानकारी दी।

**जो हमारे हाउस हैं उनमें खस की चटाई लगाना, इसके साथ कूलर को लगाते हैं कि कमरे का टेंपरेचर मेंटेन रह सके और जो भी ब्रीडिंग वाली शेरनी है, उसके नवजात बच्चे रहते हैं साथ में, उनको एसी के माध्यम से उनके कमरे का तापमान मेंटेन किया जाता है। साथ ही पर्यटकों के लिए भ्रमण के समय में परिवर्तन किया गया है।**

मौसम विभाग ने पांच दिनों के दौरान प्रदेश के अधिकतम तापमान में धीरे–धीरे दो से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी की संभावना भी व्यक्त की है।

**********

उत्तराखंड में केदारनाथ धाम के कपाट अबसे थोड़ी देर बाद सुबह आठ बजे से वैदिक मंत्रों और पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ श्रद्धालुओं के लिए खुल जाएंगे। केदारनाथ मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है और पूरे क्षेत्र में भक्ति और उत्साह का माहौल है।

**********